भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:03:2023, दिनांक Dated 01.08.2023**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केन्द्रों में से एक है। सैक राष्ट्रीय विकास हेतु इसरो के संचार, नेविगेशन और रिमोट सेंसिंग एवं ग्रहीय मिशन के लिए अंतरिक्ष वाहित यंत्रों की डिजाइन और विकास तथा राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रचालन करता है।
Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organization (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on the design and development of space borne instruments for communication, navigation, remote sensing and planetary missions of ISRO and operationalization of space technology for various applications related to national development.

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**
**Space Applications Centre(SAC) invites online applications for the following posts from eligible candidates:**

| **समूह 'सी' पद GROUP 'C' posts** | | | |
|---|---|---|---|
| **पद कोड Post Code** | **पद का नाम Name of the Post** | **रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण ब्यौरा No. of vacancies & reservation details** | **अनिवार्य योग्यता Essential Qualification** |
| 01 | तकनीशियन 'बी' (फिटर) TECHNICIAN 'B' (Fitter) | **कुल./Total-04** (अना. /UR-02 अ.पि.व./OBC-01 अ.ज.जा/ST-01)<br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद ईएसएम के लिए चिह्नित है। Out of the above, one (01) post is identified for ESM | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **फिटर** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **FITTER** trade |
| 02 | तकनीशियन'बी' (मशीनिस्ट) TECHNICIAN 'B' (Machinist) | **कुल./Total-01** (अ.पि.व./OBC-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **मशीनिस्ट** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **MACHINIST** trade |
| 03 | तकनीशियन 'बी' (इलेक्ट्रॉनिक्स) TECHNICIAN 'B' (Electronics) | **कुल./Total-15** (अना. /UR-05 अ.पि.व./OBC-05 अ.ज.जा./ST-03 आकव./EWS-02)<br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद मा.दि.व्य. - ए. पै., म.प., कु.उ., बौ., ए.अ.पी. और दो (02) पद ईएसएम के लिए चिह्नित है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PwBD - OL, CP, LC, DW, AAV; & two (02) posts are identified for ESM. | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **इलेक्ट्रॉनिक्स मैकनिक** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **ELECTRONICS MECHANIC** trade |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | तकनीशियन 'बी' (सूचना प्रौद्योगिकी) TECHNICIAN 'B' (Information Technology) | **<u>कुल./Total-05</u>**<br>(अना. /UR-02<br>अ.पि.व./OBC-02<br>अ.ज.जा./ST-01)<br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद मा.दि.व्य. -ब., बह के लिए चिह्नित है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PwBD - D, HH | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>सूचना प्रौद्योगिकी</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>INFORMATION TECHNOLOGY</u>** trade |
| 05 | तकनीशियन 'बी' (आईसीटीएसएम/ आईटीईएसएम) TECHNICIAN 'B' (ICTSM/ITESM) | **<u>कुल./Total-05</u>**<br>(अना. /UR-02<br>अ.पि.व./OBC-01<br>अ.ज.जा./ST-01<br>आकव./EWS-01)<br>उपर्युक्त पदों में से एक (01) पद मा.दि.व्य. - ए.एस.डी.(एम), वि.शि.दि, मा.रो.- के लिए चिह्नित है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PwBD – ASD(M), SLD, MI | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण/ सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली अनुरक्षण</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>INFORMATION & COMMUNICATION TECHNOLOGY SYSTEM MAINTENANCE/INFORMATION TECHNOLOGY & ELECTRONIC SYSTEM MAINTENANCE</u>** trade |
| 06 | तकनीशियन 'बी' (इलेक्ट्रीशियन) TECHNICIAN 'B' (Electrician) | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>(अ.पि.व./OBC-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>इलेक्ट्रीशियन</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>ELECTRICIAN</u>** trade |
| 07 | ड्राफ्ट्समैन 'बी' (यांत्रिकी) DRAUGHTSMAN 'B' (Mechanical) | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>(अना./UR-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>ड्राफ्ट्समैन (यांत्रिकी</u>**) ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>DRAUGHTSMAN (MECHANICAL)</u>** trade |
| 08 | तकनीशियन 'बी' (रासायनिक) TECHNICIAN 'B' (Chemical) | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>(अना./UR-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>लैबोरेटरी सहायक (रासायनिक संयंत्र)</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>LABORATORY ASSISTANT (CHEMICAL PLANT)</u>** trade |
| 09 | तकनीशियन 'बी' (टर्नर) TECHNICIAN 'B' (Turner) | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>(अना./UR-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>टर्नर</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>TURNER</u>** trade |
| 10 | तकनीशियन 'बी' (प्रशीतन एवं वातानुकूलन) TECHNICIAN 'B' (Refrigeration and Air Conditioning) | **<u>कुल./Total-01</u>**<br>(अना./UR-01) | मैट्रिक (एसएससी/एसएसएलसी/दसवीं पास) + **<u>मैकेनिक प्रशीतन एवं वातानुकूलन</u>** ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी<br>Matric (SSC / SSLC / 10th Std. Pass) + ITI/NTC/NAC in **<u>MECHANIC REFRIGERATION AND AIR CONDITIONING</u>** trade |

**नोट / Note:**

a. पद कोड सं. 03, 04 और 05 के लिए मानक दिव्यांगता वाले व्यक्ति (मा.दि.व्य.) अभ्यर्थियों के संबंध में कार्यात्मक आवश्यकताएं एस, एसटी, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच हैं।
Functional Requirements in respect of PwBD candidates for post code No. 03, 04 & 05 is S, ST, BN, RW, SE, H.

b. मानक दिव्यांगता और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत नियुक्त अभ्यर्थी संबंधित संवर्गों अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/अना/आकव के लिए उद्दिष्ट/आरक्षित रिक्ति के साथ समायोजित किए जाएंगे।
The candidates appointed under PwBD and ESM will be adjusted against the vacancy earmarked/ reserved for respective categories i.e. SC/ST/OBC/UR/EWS.

c. अ.पि.व के अभ्यर्थियों के संबंध में, केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को आरक्षण प्राप्त होगा, जो नवोन्नत वर्ग में नहीं आते हैं। अ.पि.व. प्रमाणपत्र में विशिष्ट रूप से नवोन्नत वर्ग से अपवर्जन का उपवाक्य शामिल होना चाहिए तथा वह समय-समय पर अद्यतित/वैध होना चाहिए।
In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in creamy layer. OBC certificates must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated /valid at the relevant point of time.

**प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ / Abbreviations used:**

**आकव- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; अपिव- अन्य पिछड़ा वर्ग; अजा- अनुसूचित जाति; अजजा- अनुसूचित जनजाति; अना- अनारक्षित; मा.दि.व्य - मानक दिव्यांगता वाले व्यक्ति; ईएसएम- भूतपूर्व सैनिक; एनटीसी- राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र; एनएसी- राष्ट्रीय प्रशिक्षु प्रमाण-पत्र**
**EWS – Economically Weaker Sections; OBC – Other Backward Classes; SC – Scheduled Caste; ST – Scheduled Tribe; UR – Unreserved; PwBD – Persons with Benchmark Disabilities; ESM – Ex-Servicemen; NTC – National Trade Certificate; NAC – National Apprenticeship Certificate**

मा.दि.व्य. (पीडब्ल्यूबीडी)- मानक दिव्यांगता वाले व्यक्ति, बह-बहरापन, अ.दृ.-अल्प दृष्टि, ब.-बधिर, ए.हा.-एक हाथ, ए.पै.-एक पैर, ए.हा.ए.पै.-एक हाथ और एक पैर, म.प-मस्तिष्क पक्षाघात, कु.उ.-कुष्ठ रोग उपचारित, बौ.- बौनापन, ए.अ.पी.- एसिड अटैक पीड़ित,ए.एस.डी. (एम)-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एम=माइल्ड), वि.शि.दि. -विशिष्ट शिक्षा दिव्यांगता, मा.रो.- मानसिक रोग. एस-बैठकर, एसटी-खड़े होकर, बीएन-झुककर, आरडब्ल्यू-पठन एवं लेखन, एसई-देखकर, एच-सुनकर।
PwBD- Persons with Benchmark Disabilities, HH- Hard of Hearing, LV- Low Vision, D-Deaf, OA-One Arm, OL-One Leg, OAL-One Arm and One Leg, CP-Cerebral Palsy, LC-Leprosy cured, Dw-Dwarfism, AAV-Acid Attack Victims, ASD (M)-Autism Spectrum Disorder (M=Mild), SLD-Specific Learning Disability, MI-Mental Illness. S-Sitting, ST-Standing, BN-Bending, RW-Reading & Writing, SE-Seeing, H-Hearing.

**आय और भत्ते एवं आयु मानदंड**
**PAY & ALLOWANCES AND AGE CRITERIA:**

| **पद कोड**<br>**Post Code**<br>01 to 10 | **स्तर Level 03 (₹21,700–₹69,100)**<br><br>इसके अतिरिक्त उपर्युक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच. आर. ए) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसके साथ स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, क्वार्टरों की सीमित सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, मकान बनाने हेतु अग्रिम इत्यादि केंद्रीय सरकार के आदेशानुसार दिया जाएगा।<br>In addition, Dearness Allowances (DA), House Rent Allowances (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per Central Government orders. | **दिनांक 21.08.2023 को आयु सीमा :** 18-35 **वर्ष**<br><br>**Age limit as on 21.08.2023:**<br>18-35 Years |
|---|---|---|

आरक्षित पदों के सामने दी गई इन श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष तथा अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष तक छूट दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिक, मानक दिव्यांग व्यक्ति, केंद्रीय सरकारी सेवक, सराहनीय खिलाड़ी आदि भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र होंगे।

Relaxation is applicable in upper age limit by 05 years for SC/ST candidates and 03 years for OBC candidates against the posts reserved for these categories. Ex-Servicemen (ESM), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), Central Govt. Servants, Meritorious Sportspersons etc. are eligible for upper age relaxation as per Government of India Orders.

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCEDURE

**तकनीशियन 'बी'** एवं **ड्राफ्ट्समैन 'बी** की चयन प्रक्रिया में **(1) लिखित परीक्षा और (2) कौशल परीक्षा** शामिल हैं।
The Selection process for **Technician 'B'** & **Draughtsman 'B'** consists of **(1) Written test and (2) Skill test.**

**लिखित परीक्षा /** Written test **:**

सर्वप्रथम 80 बहुविकल्पीय प्रश्नों (जिनमें से प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए 1 अंक होगा ) के साथ 90 मिनट की अवधि के लिए लिखित परीक्षा संचालित की जाएगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.33 ऋणात्मक अंक होगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या पर आधारित होगा और परीक्षा इस प्रकार संचालित की जाएगी कि निर्धारित पाठ्यचर्या के विस्तार एवं गहराई को सम्मिलित करते हुये अभ्यर्थी के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान का परीक्षण किया जा सके।
The written test of 90 minutes duration will be conducted first with 80 multiple choice questions carrying one mark for each correct answer. There will be a negative marking of 0.33 mark for each wrong answer. The syllabus of written test shall be curriculum based and the test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum.

**कौशल परीक्षा /** Skill test:

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, 1:5 के अनुपात में कम-से-कम 10 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाएंगे। कौशल परीक्षा विशुद्ध रूप से 'गो-नो-गो' के आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक चयन के लिए विचार में नहीं लिए जाएंगे।
Based on the performance in the written test, candidates will be shortlisted for skill test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates. The skill test will be purely on 'go-no-go' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for selection.

अंतिम चयन पूर्ण रूप से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही किया जाएगा बशर्ते अभ्यर्थी ने कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त की हो। कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में एक चयन पैनल तैयार किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंक बराबर होने पर अधिसूचित अर्हता के शैक्षिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे। यदि आवश्यक हो तो, दूसरा टाइ-ब्रेकर अभ्यर्थी की आयु होगी, जहाँ वरिष्ठ अभ्यर्थी को आगे रखा जाएगा।
The final selection will be done purely based on the scores obtained in the written test, provided that they have qualified in the skill test. From amongst candidates who qualify in the skill test, a select panel will be drawn in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker. The 2nd tie-breaker, on need basis, will be the age of the candidate, whereby a senior candidate will be placed ahead.

लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा में उत्तीर्णता के मानदंड नीचे दिये गए हैं।
Pass criteria for the written test and skill test is given below:

| **श्रेणी Category** | **लिखित परीक्षा Written Test** | **कौशल परीक्षा Skill Test** |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये<br>For Unreserved Candidates | 32/80 अंक marks | 50/100 अंक/marks |
| आरक्षित अभ्यर्थियों के लिये (केवल पद आरक्षित होने पर)<br>For Reserved Candidates (only if a post is reserved) | 24/80 अंक/marks | 40/100 अंक/marks |

| महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION: | |
|---|---|
| 1. | अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता मानदंडो को पूर्ण करते हैं और विज्ञापन तथा आवेदन फार्म में निहित आवश्यकताओं एवं अनुदेशों का अनुसरण किया गया है। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।<br>It is for candidate to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria, complies with the requirements and adhere to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard. |
| 2. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, भर्ती को किसी भी चरण पर रद्द करने/ किसी भी पद को न भरने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative requirements. |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु अठारह शहरों नामत: अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर , नई दिल्ली, रायपुर, रांची एवं तिरुवनंतपुरम का विकल्प दिया जाएगा। परीक्षास्थल का आवंटन आवेदन की संख्या के आधार पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार परीक्षा का आयोजन मात्र अहमदाबाद में, या अतिरिक्त दूसरे शहरों में करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है। अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा केंद्र सूचित किया जाएगा जो अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।<br>The candidates shall be given option in online application to choose centre for written examination from among the eighteen cities viz; Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, Bhubaneshwar, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, New Delhi, Raipur, Ranchi and Thiruvananthapuram. The allocation of examination city shall be done based on the number of applications received. SAC reserves the right to conduct the examination only in Ahmedabad, or in additional multiple cities as feasible. The centre for written test will be notified to the candidate, which shall be final and binding. |
| 4. | स्क्रीन-इन हुए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु सूचना मात्र ई-मेल/ सैक वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी। अतः आवेदन प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी अपने सही ई-मेल आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल की नियमित रुप से जाँच करते रहें और समय–समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। सैक /इसरो किसी भी कारणवश अभ्यर्थियों को सूचना प्राप्त न होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।<br>Intimation to screened-in candidates for Written Test/Skill Test will be sent through E-mail / SAC website only. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while submitting the application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ISRO will not be responsible for non-receipt of intimation to the candidates for any reason. |
| 5. | यदि किसी आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर गलत/अपूर्ण पाई जाती है तो ऐसे आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished by the applicant in the online application is found false/incomplete at any stage of recruitment process, her/his candidature will be cancelled. |
| 6. | अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their application for verification at the time of Skill Test. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the Skill Test and TA will not be paid. |
| 7. | **अनापत्ति प्रमाण पत्र** : वे अभ्यर्थी, जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों इत्यादि में नियोजित हैं, उन्हें कौशल परीक्षा के समय अथवा कभी भी मांगे जाने पर, अपने संबंधित नियोक्ता से ‘अनापत्ति प्रमाण पत्र’ प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, अभ्यर्थियों को किसी भी पद के लिए आवेदन अपने |

| | |
|---|---|
| | नियोक्ता को सूचित करते हुए तथा उनकी पूर्व अनुमति द्वारा ही करना है। जो अभ्यर्थी आवेदन देने के बाद रोजगार प्राप्त करते हैं/बदलते हैं, तो उसके लिए वह अपने आवेदन के विवरण के बारे में नियोक्ता को सूचित करें और कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। यदि कोई भी अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाता/पाती हैं, तो उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें **यात्रा भत्ता ( टी.ए) भी नहीं दिया जायेगा।**<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Skill Test or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. For a candidate, who gets/changes employment after applying, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Skill Test. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Skill Test, shall not be permitted to appear in the Skill Test and **TA will not be paid.** |
| 8. | शैक्षणिक योग्यता के अंकों का पूर्णांकन करने की अनुमति नहीं है। आवेदक द्वारा दर्ज अंकों का प्रतिशत दशमलव के बाद दो अंकों तक होना चाहिए।<br>Rounding–off of marks of educational qualifications is NOT allowed. The percentage of marks, as entered by the applicant, should be up to two digits after decimal. |
| 9. | प्रत्येक पद कोड के लिए विज्ञापन में शामिल अनिवार्य अर्हता के लिए विषयों की सूची पूर्ण/अंतिम है। संबंधित पद कोड के लिए उल्लिखित अर्हता नहीं रखने वाले अभ्यर्थी उस पद के लिए पात्र नहीं है।<br>The essential qualification included in the advertisement against each postcode is exhaustive/final. Candidates possessing qualification other than those mentioned against each postcode are not eligible. |
| 10. | अधिसूचित योग्यता के साथ योग्यता की समकक्षता का दावा करने वाले किसी भी उम्मीदवार को अनिवार्य रूप से दस्तावेजी साक्ष्य (विश्वविद्यालय /बोर्ड /संस्था द्वारा प्रमाणित) प्रस्तुत करना होगा।<br>Any candidate seeking claim of equivalency of the qualification with the notified qualification, shall mandatorily furnish documentary evidence (certified by University/Board/Institution) in support of his/her claim at the time of Skill Test. |
| 11. | **लिखित परीक्षा तिथि/केंद्र अथवा कौशल परीक्षा तिथि/केंद्र अथवा पत्राचार के लिए ई-मेल आईडी अथवा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किसी भी अन्य सूचना में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**Any request for change of written test date/Centre or skill test date/Centre or e-mail id for communication or any other information furnished in online application will NOT be entertained.** |
| 12. | आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा घोषित आरक्षण वर्ग जैसे अनारक्षित/ आकव/ अजा/ अजजा/ अपिव/ पीडब्ल्यूबीडी/ ईएसएम इत्यादि अंतिम माना जाएगा तथा इस में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।<br>Reservation category such as UR/EWS/SC/ST/OBC/PwBD/ESM etc. declared by the candidate in the application will be considered as final and no change in the same will be entertained. |
| 13. | कौशल परीक्षा के समय पीडब्ल्यूडी ( मानक दिव्यांग) अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में विकलांगता का मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें विकलांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत गठित 3 सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड, जिसमें एक सदस्य विकलांगता आकलन से संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी किया गया हो। मानक दिव्यांगों(पीडब्ल्यूडी) के लिए विकलांगता की न्यूनतम डिग्री 40% है। दिव्यांगता की परिभाषा, दिव्यांगजन अधिनियम, 2016 के अधिकारों की अनुसुची में उल्लेख के अनुसार होगी।<br>PwBD (Persons with Benchmark Disabilities) candidates have to produce original certificate of disability in the prescribed format clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least 3 members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing the disability, duly constituted by Central or a State Government at the time of Skill Test. Degree of disability should be minimum 40% for Persons with Benchmark Disabilities (PwBD). The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016. |
| 14. | भूतपूर्व सैनिकों को कौशल परीक्षा के समय भूतपूर्व सैनिक स्थिति/अनापत्ति प्रमाण पत्र को विधिवत् इंगित करते हुए सेवा-मुक्ति प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा अर्जित अर्हता विज्ञापित पदों और उनके द्वारा आवेदित पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य अर्हता से भिन्न होने पर उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Ex-servicemen have to submit a copy of the Discharge Certificate/NOC duly indicating the Ex-serviceman status at the time of Skill Test. Ex-Servicemen also have to submit necessary |

| | |
|---|---|
| | equivalency certificate issued by the Competent Authority whenever the qualification acquired by them is different from the essential qualification prescribed for the posts advertised and applied for by them. |
| 15. | आकव (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 31.01.2019 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019/-स्था.(आरईएस) के अंतर्गत निर्दिष्ट फॉर्मेट में जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Candidates belonging to EWS (Economically Weaker Sections) are required to produce the certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format as per Ministry of Personnel, Public Grievances & Pension, Department of Personnel & Training vide Office Memorandum No. 36039/1/2019-Estt.(Res) dated 31/01/2019. |
| 16. | इसरो में तकनीकी पदों के लिए कैरियर वृद्धि मेरिट प्रोत्साहन योजना पर आधारित है, जिसमें कर्मचारियों की पुनरीक्षा की जाती है और निर्धारित रेजिडेंसी अवधि के आधार पर रिक्तियों के संदर्भ के बिना उन्हें अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है।<br>Career advancement for Technical posts in ISRO is based on Merit Promotion Scheme where the employees are reviewed and promoted to the next higher grade on merit after a prescribed residency period without reference to vacancies. |
| 17. | विज्ञापन में पूर्व से ही उपलब्ध सूचना के बारे में पूछताछ किए जाने पर उसका जबाव ई-मेल/टेलीफोन से नहीं दिया जाएगा।<br>For the queries, for which information is already available in the advertisement shall not be replied to over email/telephone. |
| 18. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अहमदाबाद में की जा सकती है; और केवल अहमदाबाद के न्यायालयों के पास ऐसे किसी भी कारण/विवादों को निपटाने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।<br>Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement can be instituted in Ahmedabad; and the Courts at Ahmedabad only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cause/disputes. |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ / IMPORTANT DATES:**

| | |
|---|---|
| आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए वेब-साइट लिंक खुलने की तिथि<br>Date on which Web-site Link opens for online registration of applications | **01.08.2023**<br>(1000 बजे से From 1000 hrs.) |
| ऑन-लाइन पंजीकरण, आवेदन सारांश के प्रिंट और आवेदन शुल्क भुगतान के बंद होने की तिथि Closing date for online registration, printing of online application summary and payment of application fees | **21.08.2023**<br>(1730 बजे तक Till 1730 hrs.) |
| उम्र की गणना, अनिवार्य अर्हताएं प्राप्त करने आदि, जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट–ऑफ तिथि Cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification(s) etc. | **21.08.2023** |

**संपर्क नंबर/CONTACT NUMBERS:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 3130/57 |
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079 2691 3037/ 24 / 22 |
| ई-मेल पता<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |

| **ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश**<br>**General Guidelines for filling the Online Application** | |
|---|---|
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling applications. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकडे भरें। |

| | |
|---|---|
| | Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | **<u>फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेज़ अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश :</u>**<br>**<u>Guidelines for uploading Photo, Signature and documents:</u>**<br>आवेदन पत्र जमा करने के लिए उम्मीदवार को हाल ही के रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ 1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल के रूप में होना चाहिए।<br>It is mandatory for the candidate to upload recent Colour Passport Size Photograph and signature to submit the application form. The Passport Size Photograph should be a JPEG file of less than 1 MB with the following guidelines to be followed:<br><br>➢ सेल्फी की अनुमति नहीं है। / No selfie is allowed.<br>➢ पूरा चेहरा स्पष्ट दिखाई देता हो।/ Frontal view of the full face is visible.<br>➢ बैकग्राउंड सादा/सफ़ेद होना चाहिए।/ Background should be plain/white.<br>➢ धुंधली तस्वीर या हाल ही के रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के अलावा किसी अन्य तस्वीर के साथ अपलोड किया गया आवेदन खारिज कर दिया जाएगा। Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph, shall be summarily rejected.<br>➢ श्वेत-श्याम तस्वीरों की अनुमति नहीं है। / Black and white photographs not allowed.<br><br>1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर का अनुपात 7:2 (यदि चौड़ाई 70 पिक्सेल है तो ऊंचाई 20 पिक्सेल) होनी चाहिए।<br>The candidate’s signature should have an aspect ratio of 7:2 (if width is 70 pixel then height should be 20 pixel) in JPEG file of less than 1 MB.<br><br>ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर दिए गए निर्देशानुसार अनिवार्य अर्हता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करना भी अनिवार्य है (1 MB से कम की साईज में) ।<br>It is also mandatory to upload documents pertaining to essential qualification as per guidelines in online application portal (file size should be less than 1MB). |
| 5. | **उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार, दो या दो से अधिक पदों के लिए एक साथ परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है** । Candidate can apply for more than one post. However, SAC reserves the right to conduct exam for two or more posts simultaneously, as per administrative exigency. |
| 6. | आवेदन मात्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन पंजीयन हेतु ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 01.08.2023 के 1000 बजे से 21.08.2023 के 1730 बजे तक खुला रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन व ऑनलाइन फार्म भरने के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://careers.sac.gov.in देख सकते हैं।<br>Applications will be received online only. The online recruitment portal will be available from 1000 hours on 01.08.2023 to 1730 hours on 21.08.2023 for registration of application. Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://careers.sac.gov.in for detailed advertisement and filling-up of online application form. |
| 7. | ऑनलाइन पंजीकरण पर आवेदक को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना होगा। आवेदन सारांश का प्रिंट लें।<br>Upon online registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. Take print out of the application summary. |
| 8. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 9. | जब भी माँगा जाये, वैध जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, अ.पि.व. प्रमाणपत्र, ईडबल्यूएस प्रमाणपत्र, मानक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (पीडब्ल्यूबीडी) भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवा-मुक्ति प्रमाण-पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र (1 MB से कम की साईज में) नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएं\|<br>As and when required, valid Caste/Tribe Certificate, OBC Certificate, EWS certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate, Discharge Certificate/NOC for Ex-Serviceman (ESM) should be uploaded in the prescribed format (file size should be less than 1MB) as given below:<br><u>आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग Economically Weaker Sections</u><br><u>अनुसूचित जाति/ जनजाति Scheduled Caste/Scheduled Tribe</u><br><u>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत स्तर) Other Backward Classes(Non-Creamy Layer)</u><br><u>मानक दिव्यांग व्यक्ति Persons with Benchmark Disability</u><br><u>भूतपूर्व सैनिक/Ex-Serviceman</u> |

| | |
|---|---|
| 10. | **नोटः आवेदन केवल एक बार प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए प्रस्तुत करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।**<br>**NOTE: Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting** |
| 11. | **शुल्क का भुगतान/Payment of Fees:**<br>प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में रु.500 (लागू करों/शुल्कों को छोड़कर) का भुगतान करना होगा। शुल्क मुक्त श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को पूर्ण शुल्क वापस कर दिया जाएगा। अन्य अभ्यर्थियों को रु. 100/- का आवेदन शुल्क रखकर शेष रु.400/- वापस कर दिए जाएंगे।<br>Initially all candidates have to uniformly pay ₹500/- as application fee (excluding applicable taxes/ charges). Candidates belonging to fee-exempted categories, will be refunded full fee. Other candidates will be refunded ₹400/- after retaining the application fee of ₹100/-.<br><br>*सभी महिला, अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनूसूचित जन जाति (अ.ज.जा.), पूर्व सैनिक (ईएसएम) तथा मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)) अभ्यर्थी शुल्क-मुक्त श्रेणी में आते हैं। पंजीकरण के दौरान निर्धारित प्रारुप में प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करने* होगे*(महिला उम्मीदवारों को छोड़कर) (1 MB से कम की साईज में) ।*<br>*All Women, Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST), Ex-servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates belong to fee-exempted categories. Relevant documents in prescribed format to be uploaded during registration (except women candidates) (file size should be less than 1MB).*<br><br>**नोट/Note: मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए शुल्क वापस करने हेतु विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। (सभी पद कोड के लिए लागू) Grant of refund will be considered only to such candidates who appear in the written test (applicable to all the post codes).**<br><br>शुल्क की वापसी हेतु आवेदक को अपना सही खाता विवरण उपलब्ध कराना होगा। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए गलत खाता विवरण के कारण यदि उन्हें शुल्क वापस नहीं प्राप्त होता है तो इसके लिए सैक (इसरो) उत्तरदायी नहीं होगा।<br>Applicant should furnish the Correct bank account details for refund of fee. SAC(ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.<br><br>आवेदन फॉर्म में पूर्ण विवरण भरने के पश्चात्, अभ्यर्थी **'प्रोसीड'** पृष्ठ की ओर पुन:निर्देशित किया जाएगा। भुगतान पोर्टल द्वारा पुन:निर्देशितानुसार अभ्यर्थी दिए गए अनुदेशों का अनुसरण कर सकता है। एक बार भुगतान की पुष्टि प्राप्त होने पर, अभ्यर्थी को एक पुष्टि संदेश एवं ई-मेल प्राप्त होगा।<br>After completely filling up all the details in the application form, candidates will be re-directed to **'PROCEED'** option. Candidates may follow the instructions as re-directed by the payment portal. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and e-mail. |

| सामान्य शर्तें<br>GENERAL CONDITIONS: | |
|---|---|
| **1.** | केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें।<br>Only Indian Nationals need to apply. |
| **2.** | मात्र ऑनलाइन किए गए आवेदनों पर विचार किया जाएगा। प्रत्यक्ष प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Applications made online only will be entertained. Physical applications will not be entertained. |
| **3.** | सभी पद अस्थायी हैं, लेकिन निरंतर रहने की संभावना है।<br>All the posts are temporary but likely to continue. |
| **4.** | **किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।**<br>**CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION.** |
| **5.** | **किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**No interim correspondence/phone calls will be entertained.** |
| **6.** | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट www.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें। |

| | |
|---|---|
| | **Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website**. Candidates should regularly visit the SAC website www.sac.gov.in for latest updates. |
| **7.** | कौशल परीक्षा के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थल तक आने-जाने का द्वितीय श्रेणी शयनयान रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, एसी रहित बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।<br>Outstation Candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Sleeper Railway Fare or non-A/C Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place of skill test on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. No TA will be paid for appearing in Written Test. |
| **8.** | नियुक्ति स्थल सैक, अहमदाबाद होगा, परंतु पदधारी को जब और जैसी आवश्यकता हो, भारत के किसी भी स्थान पर स्थित इसरो या अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।<br>Initially the place of posting will be in SAC, Ahmedabad, but the incumbents may be posted in any of the Centres/Units of ISRO or Department of Space situated anywhere in India as and when required. |
| **9.** | चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पदभार कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may have to join the post immediately on being found fit by a Medical Authority. |
| **10.** | लिखित परीक्षा के लिए स्क्रीन-इन नहीं किए गए/ कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचित नहीं किए गए/ नियुक्ति के लिए नहीं चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के साथ किसी भी तरह के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>No correspondence will be entertained with the candidates who are not screened in for written test/ shortlisted for skill test /not selected for Appointment. |
| **11.** | मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।<br>Candidates who have pursued professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible. |
| **12.** | **विज्ञापन के अंग्रेजी /हिन्दी में किसी भी खंड की व्याख्या की अस्पष्टता के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा।**<br>**In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC will be final.** |

**सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

***ऑनलाइन आवेदन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान हेतु भर्ती पोर्टल*** *01.08.2023* ***के*** *1000* ***बजे से*** *21.08.2023* ***के*** *1730* ***बजे तक खुला रहेगा।***

*The recruitment portal will be open from 1000 hours on 01.08.2023 to 1730 hours of 21.08.2023 for online registration of application and payment of application fees.*